समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026

# जयपुर मे कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्य समिति बैठक सम्पन्न

राजेश चौधरी

Published on 10 Feb 2026




राजेश चौधरी | रामगढ़ | समाचार वाणी न्यूज़

आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, जयपुर में **कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक** आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से आए खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि **कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी**। साथ ही पार्टी की **विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने** का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता** के रूप में
पूर्व विधानसभा स्पीकर एवं पूर्व आरसीए अध्यक्ष **श्री सीपी जोशी जी**,
लोकसभा प्रत्याशी **प्रह्लाद गुंजल जी**,
आदर्श नगर विधायक **रफीक खान जी**,
किशनपोल विधायक **अमीन कागज़ी जी**,
वक़्फ़ बोर्ड चेयरमैन **खानू खान जी**,
राजस्थान महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष **सारिका सिंह जी**,
इंटक प्रदेश अध्यक्ष **जगदीश राज श्री माली जी**,
अभाव अभियोग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष **योगिता शर्मा जी**,
पूर्व जयपुर शहर जिला अध्यक्ष **आर.आर. तिवारी जी**,
राजस्थान कांग्रेस कमेटी महासचिव **सीताराम बैरवा जी**

सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

नेताओं ने खेल प्रकोष्ठ की भूमिका को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि **युवाओं, खिलाड़ियों और खेल से जुड़े वर्गों को कांग्रेस से जोड़ना समय की आवश्यकता है**। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिससे बैठक एक **सशक्त संगठनात्मक संदेश** के साथ सम्पन्न हुई।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.